कृषि वानिकी में नई सम्भावनाये : किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

सामाजिक वानिकी एवं पारि–पुनर्स्थापन केन्द्र, इलाहाबाद के तत्वाधान में दो–दिवसीय, दिनांक 22–23 जनवरी, 13 को ''औषधीय पौधों की खेती तथा कृषि–वानिकी में नई संभावनायें'' विषय पर कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन, श्री वी. के. बहुगुणा, महानिदेशक तथा श्री एस. पी. सिंह, उपमहानिदेशक, भा. व. अ. एवं शि. प., देहरादून के संरक्षण में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा0 डी. एन. तिवारी, अध्यक्ष, उत्थान– गरीबी उन्मूलन तथा सतत विकास का केन्द्र थे। श्री मनोज कुमार शुक्ला, निदेशक द्वारा मुख्य अतिथि तथा प्रतिभागियों का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि डा0 डी. एन. तिवारी ने कृषि वानिकी में बागानों के साथ औषधीय खेती पर प्रकाश डाला। स्वागत भाषण में श्री शुक्ला, निदेशक, सी. एस. एफ. ई. आर ने कृषकों हेतु कृषि–वानिकी अपनाने में आने वाली व्यवहारिक कठिनाईयों के निवारण हेतु चर्चा किया। कार्यक्रम के तकनीकी सत्र में केन्द्र के वैज्ञानिक डा0 बी. के. पाण्डेय, डा0 कुमुद दूबे, डा0 अनिता तोमर तथा डा0 अनुभा श्रीवास्तव द्वारा कृषि वानिकी, औषधीय पौधों की खेती, क्लोनल नर्सरी तथा वृक्ष विपणन आदि विषयों पर व्याख्यान दिया गया।

कार्यक्रम में प्रगतिशील किसान श्री आर. पी. सिंह, श्री बी. डी. सिंह, श्री विजय सिंह तथा श्री यादव ने प्रतिभागियों को स्वअनुभवों से अवगत कराया। क्षेत्र–भ्रमण में कौशाम्बी तथा फूलपुर श्रेत्र के प्रगतिशील कृषकों के कार्य का अवलोकन किया गया। औषधीय पौधो के विपणन तथा जैविक खेती की जानकारी भी क्षेत्र में किसानों को दी गयी। कृषकों ने कार्यक्रम के अन्तिम चरण में अपने विचार तथा सुझाव रखे। कार्यक्रम का सफल आयोजन डा0 अनिता तोमर तथा डा0 अनुभा श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डा0 वी. पी. पाण्डेय तथा डा0 एस. डी. शुक्ला ने अमूल्य सहयोग किया।

देने के लिए कटिबद्धता प्रदर्शित की।

दैनिक जागरण 29/1/13

किसानों ने जानी कृषि वानिकी

इलाहाबाद : सामाजिक वानिकी एवं पारिपुनर्स्थापन केंद्र इलाहाबाद के तत्वावधान में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। किसानों को औषधीय पौधों की खेती और कृषि वानिकी में नई संभावनाओं की जानकारी दी गई। संस्थान के महानिदेशक वीके बहुगुणा, उपमहानिदेशक एसपी सिंह, मनोज शुक्ला, डॉ. डीएन तिवारी आदि रहे।

दैनिक जागरण में प्रकासित समाचार दिनांक 29.01.2013, पेज 09

मुख्य अतिथि डा0 डी. एन. तिवारी

मुख्य अतिथि डा0 डी. एन. तिवारी, निदेशक श्री एम. के. शुक्ला एवं सी. एस. एफ. ई आर. वैज्ञानिक एवं प्रशिक्षणार्थी किसान

प्रगतिशील किसान श्री आर. पी. सिंह प्रतिभागियों को स्वअनुभवों से अवगत कराते हुए।

क्षेत्र भ्रमण जानकीपुर, कौशाम्बी में अपनी परियोजनाओं को दिखाते निदेशक तथा डा0 बी. के. पाण्डेय

क्षेत्र भ्रमण फूलपुर, इलाहाबाद

प्रशिक्षणार्थी किसानों को आई. सी. एफ. आर. ई. की कुम्भ प्रदर्शनी दिखाते हुए वैज्ञानिक